प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 02.12.2025

मुख्य समाचारः—

- भाजपा ने पार्टी के जिला संगठन प्रभारियों के साथ ही विधानसभा प्रभारी और प्रकोष्ठों के संयोजक—सह संयोजक नियुक्त किए।

- छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित राजभवन को अब ''लोकभवन'' के नाम से जाना जाएगा।

- नवा रायपुर में तेईस से पच्चीस जनवरी तक साहित्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कल सूरजपुर जिले में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम।

भाजपा—नियुक्ति

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेशभर में पार्टी के छत्तीस संगठन जिलों में जिला संगठन प्रभारी और चार सह प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। इसके अलावा उन्होंने विधानसभावार छत्तीस प्रभारियों के नामों की घोषणा भी की है। वहीं, प्रकोष्ठों के लिए सत्रह संयोजक और चौबीस सह संयोजक नियुक्त किए हैं।

लोकभवन

छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित राजभवन को अब ''लोकभवन'' के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुपालन में राज्यपाल के सचिव डॉक्टर सी.आर प्रसन्ना ने राजभवन का नाम परिवर्तित कर लोकभवन करने का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष हुए राज्यपालों के सम्मेलन में

राजभवनों का नाम बदलने का सुझाव दिया गया था। अब सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए राजभवन का नाम लोकभवन के नाम से पढ़ा और लिखा जाएगा।

<u>लोकभवन–स्थापना दिवस</u>

"एक भारत–श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत आज रायपुर स्थित लोकभवन जिसे पहले राजभवन के नाम से जाना जाता था। यहां कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, उत्तराखंड राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश – लक्षद्वीप तथा पुडुचेरी का स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने अपने–अपने राज्यों की विशेषताओं, परंपराओं और संस्कृतियों पर प्रकाश डाला। वहीं, विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति और लोक परंपरा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि राज्यों की विविधताओं को राष्ट्रीय एकता एक सूत्र में पिरोती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू  हुआ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान इसी एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक है।

<u>राज्यपाल–क्षेत्रीय सम्मेलन</u>

राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के शंकराचार्य व्यावसायिक प्रबंधन और प्रौद्योगिकी संस्थान में क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री डेका ने कहा कि नवाचार केवल प्रयोगशालाओं और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे समाज से जोड़ना होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, माइक्रो प्लास्टिक और मधुमेह की बीमारी को वर्तमान की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि विद्यार्थी इस क्षेत्र में नवाचार कर इसका समाधान ढूंढ़े। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप भारत के भविष्य के पेशेवर और भविष्य निर्माता हैं। केवल लाभ पाने के लिए नहीं बल्कि उद्देश्य के लिए नवाचार करें।

सम्मेलन को ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली के उपनिदेशक डॉक्टर निखिल कांत, एस.एस.आई.पी.एम.टी. भिलाई के चेयरमैन आई.पी. मिश्रा और निदेशक निशांत त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

गौरतलब है कि इस सम्मेलन का आयोजन इनोवेशन सेल और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के ऑल इंडिया तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा किया गया।

विजय शर्मा—स्मार्ट क्लास रूम

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के खैरबना कला स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल से बोड़ला विकासखंड के आठ शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास—रूम की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लास की मदद से विद्यार्थी विज्ञान, गणित, भूगोल जैसे कॉन्सेप्ट आधारित विषयों को एनिमेशन, वीडियो और इंटरैक्टिव लर्निंग के माध्यम से अधिक प्रभावी तरीके से सीख सकेंगे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े होने के कारण स्मार्ट क्लासेज के माध्यम से दूसरे स्कूलों से विषय—विशेषज्ञ भी बच्चों की एक साथ क्लास ले सकेंगे। उन्होंने विज्ञान और गणित के साथ ही भूगोल तथा अन्य विषयों की पढ़ाई स्मार्ट क्लास से करवाने को कहा।

गौरतलब है कि जिले के पचास हायर सेकेंडरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें कवर्धा, सहसपुर लोहारा और बोड़ला विकासखंड के चौंतीस स्कूलों में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया जा चुका है।

ग्रामीण विकास—नक्शा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय शहरी बस्तियों और भूमि संबंधित सूचनाओं का राष्ट्रीय भू–स्थानिक ज्ञान–आधारित भूमि सर्वेक्षण – नक्शा पर कल नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। यह जियोस्मार्ट इंडिया संवाद और एक्सपो के अंतर्गत आयोजित एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य शहरी भूमि अभिलेखों में सुधार लाना है। इससे देशभर में नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए भू–स्थानिक तकनीकों को अपनाने में गति आएगी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि इस आयोजन में प्रमुख नीति निर्माताओं, भारतीय सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों, राज्य राजस्व और भूमि अभिलेख अधिकारियों तथा उद्योग जगत के प्रमुखों के एक साथ आने की उम्मीद है। इस दौरान छह महत्वपूर्ण सत्रों में विचार–विमर्श किया जाएगा। यह सम्मेलन पारंपरिक प्रणालियों को पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित डिजिटल भूमि प्रशासन से बदलने पर केंद्रित है।

एसआईआर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ घर–घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलीकरण का कार्य कर रहे हैं। अब तक प्रदेश में लगभग एक करोड़ पंचानवे लाख उनसठ हजार गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जो कुल पंजीकृत मतदाताओं का बयानवे प्रतिशत से अधिक है। प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या दो करोड़ बारह लाख तीस हजार से अधिक है।

कोरबा जिले में एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों का लगभग इंक्यानवे प्रतिशत डिजिटलीकरण कर लिया गया है। जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

साहित्य उत्सव

नवा रायपुर में तेईस से पच्चीस जनवरी तक साहित्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर से सौ से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में साहित्य उत्सव के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है और रायपुर साहित्य उत्सव उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव न केवल छत्तीसगढ़ को बल्कि देशभर के साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। श्री साय ने उम्मीद जताई कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ को साहित्यिक जगत में एक नई पहचान दिलाएगा तथा लोगों को साहित्य, लेखन और पठन–पाठन की ओर प्रेरित करेगा।

पोलो–छत्तीसगढ़

मणिपुर के इंफाल में बाईस से उनतीस नवंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। छत्तीसगढ़ की टीम ने अमेरिका, कोलंबिया, इंडियन पोलो एसोसिएशन और अन्य अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा कर यह गौरव प्राप्त किया। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब किसी राज्य को अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में शामिल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के लिए गौरव की बात है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं में खेल की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार के सहयोग से घुड़सवारी और पोलो खेल को नई दिशा मिली है।

गौरतलब है कि ”खेल से शक्ति” पहल के तहत भारतीय सेना के अनुभवी पोलो खिलाड़ियों के सहयोग से दंतेवाड़ा और कांकेर जिले के छात्रों को घुड़सवारी और पोलो का प्रशिक्षण दिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। इस अवसर पर सूरजपुर जिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री दयालदास बघेल करेंगे। इस समारोह में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता कार्यक्रम, जानकारीपरक गतिविधियां, जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों की सामाजिक भागीदारी को सुदृढ़ करना और उनके लिए संवेदनशील तथा समावेशी वातावरण को बढ़ावा देना है।

<><><><><>